डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

सा.अ.61/22/बा.सा.पु/ 19 सितंबर 2022

प्रेस विज्ञप्ति

संताली में बाल साहित्य पुरस्कार 2022

साहित्य अकादेमी श्री गणेश मरांडी को उनकी पुस्तक ***हपन माई*** (कविता) के लिए संताली भाषा में बाल साहित्य पुरस्कार 2022 अर्पित करने की घोषणा करती है। इस पुस्तक का चयन त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने निर्धारित चयन प्रक्रिया का पालन करते हुए नियमानुसार किया है। कार्यकारी मंडल ने निर्णायकों की सर्वसम्मति के आधार पर चयनित पुस्तक को पुरस्कार के लिए संस्वीकृत किया है। निर्णायक मंडल के जिन सदस्यों की संस्तुतियों के आधार पर संताली भाषा में बाल साहित्य पुरस्कार 2022 की घोषणा की गई, उनके नाम निम्नलिखित हैं:-

- श्री गंगाधर हांसदा
- श्री रबीन्द्र नाथ मुर्मू
- सुश्री स्वपना हेम्ब्रम

यह पुरस्कार-वर्ष के तत्काल पूर्ववर्ती वर्ष के अंतिम पाँच वर्षों में (अर्थात् 1 जनवरी 2016 से 31 दिसंबर 2020 के मध्य) प्रथम बार प्रकाशित हुई पुस्तक से संबंधित है।

पुरस्कार स्वरूप एक उत्कीर्ण ताम्रफलक तथा 50,000/- रुपए की सम्मान राशि 14 नवंबर 2022 को नई दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान की जाएगी।

हम आपके अत्यंत आभारी होंगे, यदि आप अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र/मीडिया के माध्यम द्वारा इसे प्रकाशित/प्रसारित कर सकें।

(के. श्रीनिवासराव)

संलग्न : चयनित पुस्तकों की सूची

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in

ଖରାବେଳ